ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 27-01-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-27 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-28	2023-01-29	2023-01-30	2023-01-31	2023-02-01
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	20.0	25.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	15.0	16.0	10.0	7.0	10.0
न्यूनतम तापमान(से.)	4.0	6.0	7.0	5.0	5.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	85	90	95	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	40	45	55	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	70	110	140	140	270
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	8	4	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनो में, 29 व 30 जनवरी को मध्यम वर्षा की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 7.0 से 16.0 व 4.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 29, 30 जनवरी को कहीं-कहीं ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश आ सकती है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचाई और कीटनाशकों के उपयोग को स्थगित कर दें। पानी के ठहराव से बचने के लिए फसल के खेतों में पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था बनाये रखें। सरदी और वर्षा से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155

लघु संदेश सलाहकार:

29 व 30 जनवरी को मध्यम वर्षा की सम्भावना है। 29, 30 जनवरी को कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज वर्षा की चेतावनी दी गई है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	आगामी दिनों में मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचाई और कीटनाशकों के उपयोग को स्थगित कर दें। पानी के ठहराव से बचने के लिए फसल के खेतों में पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था बनायें रखें।
मसूर की दाल	चना व मसूर की फसल मे आवश्यकतानुसार एक सिंचाई फूल आने से पहले तथा दूसरी फली बनते समय करे लेकिन मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई खेत में सिंचाई को अभी स्थगित कर दें| चना व मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे। छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च की उन्नत किस्म का बीज क्रय कर नर्सरी में बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सेब	पूर्व में आरक्षित किये शीतोष्ण फल वृक्षो जैसे सेब, नाशपाती, खुबानी, अखरोट आदि फल वृक्षो को लगाने का कार्य मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पहाड़ी क्षेत्रों में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए हीटर का प्रयोग किया जा सकता है। पशुओं को धान की कन्नी आहार के रूप में दें। जिससें उन्हें उर्जा और गर्मी मिलती है। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।